संक्षिप्त

'जल सेवा से बढकर कोई सेवा नहीं'

फुलेरा । फुलेरा जंक्शन पर पिछले कई दिनों से भीषण गर्मी में रेलों मे यात्रियों को निस्वार्थ भाव से की जा रही निशुल्क जल सेवा का समापन समारोह रविवार को सांय 5 बजे ओबीसी प्रकोष्ठ के राष्ट्रीय महामंत्री एवं पूर्व विधायक निर्मल कुमावत के मुख्य आतिथ्य एवं दैनिक रेल यात्री महासंघ फुलेरा के अध्यक्ष विष्णु कयाल की अध्यक्षता में किया गया। समारोह के विशिष्ट अतिथियो में उत्तर पश्चिम रेलवे के मुख्य वाणिज्यक प्रबंधक कमलकान्त शर्मा, सीएमआई विनय कुमावत, जीआरपी थानाधिकारी सीआई गुलजारी लाल, रेलवे पेंशनर्स सोसाइटी के अध्यक्ष रमेश चन्द वर्मा, भाजपा मण्डल अध्यक्ष प्रणव कयाल, नेता प्रतिपक्ष संजय पारीक, पार्षद महावीर जैन, संत बेलूबाई आश्रम के महन्त सत्यनारायण सैनी रहे। कार्यक्रम के दौरान आगन्तुक अतिथियों का माला साफा एवं दुपट्टा पहनकर स्वागत अभिनंदन किया गया। तत्पश्चात कार्यक्रम के दौरान भामाशाहों व जल सेवकों सहित लगभग दो दर्जन से अधिक जल सेवको को सम्मानित किया गया। इसी क्रम में मुख्य अतिथि निर्मल कुमावत ने जल सेवकों को सम्बोधित करते हुए कहा कि यह सेवा मानवीय गुणों वाला व्यक्ति ही कर सकता है। जब किसी प्यासे व्यक्ति को शीतल जल पिलाया जाता है, तो वह अपने अंतकरण से जल सेवक का आभार व्यक्त करते हुए उसकी मंगल कामना करता है। वही कार्यक्रम में महासंघ के अध्यक्ष विष्णु कयाल ने बताया कि यह जल सेवा 4 मई से 29 जून तक जल सेवको जन सहयोग से अनवरत सेवा की। इस जल सेवा का उद्देश्य मानव सेवा के साथ हमारे क्षेत्र से कोई भी रेल यात्री प्यासा नही जाये। हमारे द्वारा की गई जल सेवा के दौरान कई जल सेवकों ने अपनी सेवाएं दी। इसके लिए कयाल ने सभी जल सेवकों को उनके द्वारा दी गई सेवा के प्रति आभार व्यक्त किया। कार्यक्रम के दौरान मंच का संचालन राजेन्द्र शर्मा के द्वारा किया गया। इस अवसर पर कंज्यूमर एक्शन एण्ड प्रोटेक्शन सोसाइटी के अध्यक्ष विजेन्द्र प्रकाश हलचल,भाजपा महिला मोर्चा अध्यक्ष पूनम कुमावत, शेषनारायण सैनी, श्याम लाल सैनी, श्रवण वर्मा, भंवर लाल कुमावत, ए एस मल्होत्रा, गीता शर्मा, राजेन्द्र शर्मा सहित अन्य कई लोग उपस्थित रहे।

5 सड़क परियोजनाओं का लोकार्पण

पावटा। विराटनगर विधानसभा क्षेत्रीय विधायक कुलदीप धनकड आज शनिवार को विराटनगर विधानसभा क्षेत्र में सार्वजनिक निर्माण विभाग से संबंधित करीब 3 करोड़ रुपये से अधिक की 5 सड़क विकास परियोजनाओं का लोकार्पण किया। विधायक कुलदीप धनकड विधानसभा क्षेत्र में निर्मित एमडीआर रोड़ मण्ढा से ढाणी फतेहसिंह होते हुए ढाणी कोठी तक, संतोषी माता मंदिर से भैरुजी का बास, कैरली से आंतेला, तुलसीपुरा से ढाणी गुढ़ा की, बड़नगर से ढाणी दुल्हे सिह की सड़कों का लोकार्पण किया। इन विभिन्न परियोजनाओं की अनुमानित लागत करीब 3 करोड रुपये है। लोकार्पण समारोह को संबोधित करते हुए विधायक कुलदीप धनखड़ ने कहा कि ये सड़कें क्षेत्र के विकास में मील का पत्थर सिद्ध होंगी। बेहतर सड़क संपर्क से न केवल यातायात सुविधा में वृद्धि होगी, बल्कि स्थानीय व्यापार, शिक्षा एवं स्वास्थ्य सेवाओं को भी बल मिलेगा। इस दौरान प्रभारी सतवीर यादव, विकास सिंह प्रागपुरा मंडल अध्यक्ष, वीरेंद्र राठी बालाजी मंडल अध्यक्ष, सुरेश गिठाला पूर्व कृषि मंडी अध्यक्ष, रोहिताश ताखर एवं पीडब्ल्यूडी के सहायक अभियंता विवेक रोलानिया, मनीष यादव एवं स्थानीय जनप्रतिनिधि व ग्रामीण मौजूद रहे।

गोपाल सैनी का सम्मान

निवाई। भाजपा श्योपुर मंडल के नवनियुक्त मंडल अध्यक्ष गोपाल सैनी सहित भाजपा के सभी वरिष्ठ कार्यकर्ताओं का रामाज ग्रुप के चेयरमैन महावीर टेलर व रामावतार टेलर के नेतृत्व में साफा, माला व दुप्पटा पहनाकर सम्मान किया गया। अध्यक्ष गोपाल सैनी ने रामाज रिर्सोट का अवलोकन करके रामाज रिर्सोट की व्यवस्थाओं को लेकर आवश्य चर्चा की एवं रामाज परिवार की सराहना की। इस अवसर पर पार्षद महेंद्र शर्मा, डॉ.जितेंद्र कोठारी, मोहित टेलर, कपिल लाटा, राघवेंद्र, अजय शर्मा, मोहन जोशी, कल्पज्ञ गौतम, सुरेंद्र सिंह, जय टेलर, अखिल द्विवेदी, जगदीश मीणा व सीताराम विजयवर्गी सहित कई भाजपा कार्यकर्ता मौजूद थे।

भरतपुर : चंबल परियोजना के गड्ढे में दबकर 4 की मौत, दो बेहोश

भरतपुर (निस)। उच्चौन ब्लॉक के नगला जंगी गांव में चंबल परियोजना के तहत खोदी जा रही पानी की पाइपलाइन लोगों के लिए काल बन गई। पाइपलाइन के गड्ढे से पीली मिट्टी लेने गए लोग ढाय गिरने से दब गए। ढाय में दबने से उत्तर प्रदेश गांव उत्तू निवासी चार लोगों की मौत गई जबकि दो घायलों का निजी अस्पताल में उपचार चल रहा है । भरतपुर जिला प्रशासन और आगरा जिला प्रशासन के अधिकारियों ने घटना स्थल का मौका मुआयना किया। भरतपुर जिला कलेक्टर ने मृतक के परिजनों के साथ साथ घायलों से वार्ता की। निजी अस्पताल के चिकित्सकों को घायलों का बेहतर इलाज करने के निर्देश दिए हैं. मृतकों का पोस्टमार्टम कराकर शव को सुपुर्द कर दिया।



मिट्टी में दबने से बेहोश हुए दो जनो का अस्पताल में उपचार किया।

घटना की सूचना मिलते ही जिला कलक्टर कमर चौधरी के निर्देश पर एसडीआरएफ, स्थानीय प्रशासन एवं पुलिस द्वारा रेस्क्यू ऑपरेशन चलाकर ग्रामीणों की मदद से सभी लोगों को बाहर निकाला गया । जिला कलक्टर कमर चौधरी, जिला पुलिस अधीक्षक मृदुल कच्छावा ने घटना स्थल का मुआयना किया तथा अस्पताल पहुंचकर घायलों की कुशलक्षेम पूँछकर बेहतर इलाज की सुविधा प्रदान करने के निर्देश दिए। जिला कलक्टर ने बताया कि चम्बल पेयजल प्रोजेक्ट की पाइप लाइन डालने के लिए खोदी गई नाली में चिकनी मिट्टी थी जिसको घरेलू उपयोग चूल्हा, आंगन की लिपाई के काम लेने के लिए प्रात: जल्दी समीप के गांव उट्टू से ये सभी लोग आये थे। नाली में मिट्टी गीली होने के कारण

- **पाइपलाइन के गड्ढे से पीली मिट्टी लेने गए लोग ढाय गिरने से दब गए**

खोदते समय ढाय गिर जाने से 9-10 जने दब गए थे।

जानकारी मिलते ही ग्रामीणों एवं स्थानीय प्रशासन व पुलिस द्वारा सभी लोगों को बाहर निकाला तथा अस्पताल पहुंचाया । मिट्टी भरते समय अंकुल पुत्र बिजेंद्र सिंह, बिमलेश देवी पत्नी श्रीपत की मौके पर मृत्यु हो गई जबकि विनोद देवी पत्नी मिश्रीलाल एवं योगेश कुमारी पत्नी अमित कुमार ने जिला अस्पताल रैफर करते समय रास्ते मे दम तोड़ दिया। घटना में घायल दिनेशचंद पुत्र नाहरसिंह एवं जयश्री पत्नी बिजेन्द्रसिंह का अस्पताल में इलाज चल रहा है । सभी मृतक एवं घायल उत्तरप्रदेश के किरावली तहसील के ग्राम उट्टू के एक ही परिवार के सदस्य हैं।

आदेश का स्वागत

जयपुर । राजस्थान विश्वविद्यालय एवं महाविद्यालय शिक्षक संघ-रुक्टा डेमोक्रेटिक ने उच्च शिक्षा विभाग एवं आयुक्तालय कॉलेज शिक्षा के 29.06.2025 के विद्या संबल गेस्ट फैकेल्टी से पूरे सत्र हेतु आवेदन एक बार ही आमंत्रित किए जाने के आदेश को शिक्षक एवं विद्यार्थी हित में स्वागत योग कदम बताया है। इससे करीब 4000 गेस्ट फेकल्टी शिक्षकों को लाभ मिलेगा। संघ के प्रदेश संयोजक प्रो.रमेश बैरवा ने कहा है कि संगठन की भी मांग रही है कि पूरे सत्र के लिए आवेदन एक बार ही भरवाए जाएं। यूजीसी मानकों के मुताबिक सेमेस्टर में अध्यापन कम से कम 90 दिवस करवाया जाए ताकि पाठ्यक्रम ठीक पूर्ण हो सके। समय पर गेस्ट फेकल्टी शिक्षकों को नहीं लगाए जाने एवं पाठ्यक्रम पूर्ण हुए बिना ही शिक्षकों को बीच सत्र में हटाए जाने से विद्यार्थियों का भी अहित होता रहा है। अनेकों स्थानों पर छात्रों ने आक्रोश जताया है।

मीना समाज का प्रतिभावान सम्मान समारोह संपन्न, 210 मेधावी विद्यार्थी सम्मानित

नारायणपुर । कस्बे के पुरुषोत्तम दास आश्रम में रविवार को आदिवासी मीना सेवा समिति वाल क्षेत्र द्वारा 7वाँ प्रतिभावान सम्मान समारोह बड़े ही हर्षोल्लास के साथ आयोजित किया गया। कार्यक्रम का शुभारंभ महामंडलेश्वर जनार्दन दास महाराज ने मीन भगवान के समक्ष दीप प्रज्वलित कर किया। समारोह में मुख्य अतिथि के रूप में थानागाजी विधायक कांति प्रसाद मीणा उपस्थित रहे। वहीं पूर्व आईआरएस केसी घुमरिया, आईआरएस चन्द्रप्रकाश मीणा, आईआरएस अर्जुन मीणा, ज्वाइंट कमिश्नर घनश्याम मीणा, आरपीएस भागचंद मीणा, विकास अधिकारी राजबाला मीणा सहित अनेक गणमान्य अतिथियों ने समारोह की गरिमा बढ़ाई। आयोजकों द्वारा सभी अतिथियों का

नारायणपुर में प्रतिभावान छात्रों को सम्मानित किया।

माला व साफा पहनाकर भव्य स्वागत किया गया। कार्यक्रम के दौरान मीना समाज के 210 मेधावी विद्यार्थियों एवं राजकीय सेवाओं में चयनित अभ्यर्थियों को गोल्ड, सिल्वर व ब्रॉन्ज मेडल के साथ-साथ प्रशस्ति पत्र एवं स्मृति चिन्ह देकर सम्मानित किया गया। इस अवसर पर बालिकाओं द्वारा रंगारंग सांस्कृतिक कार्यक्रमों की प्रस्तुतियां दी गई। समारोह को संबोधित करते हुए मुख्य अतिथि विधायक कांति प्रसाद मीणा ने कहा कि समाज का भविष्य शिक्षा और संस्कारों पर आधारित है। आज के बच्चे आधुनिकता की दौड़ में अपनी मूल संस्कृति को भूलते जा रहे हैं, ऐसे में अभिभावकों को चाहिए कि वे बच्चों को शिक्षा के साथ-साथ अच्छे संस्कार भी दें। इस मौके पर कार्यक्रम में मौजूद अतिथि डॉ. सुरेश मीणा, अंजू जयसिंह मीणा, नोडल अधिकारी मूलचंद मीणा, डॉ. सरोज मीणा , थाना प्रभारी ओमप्रकाश मीणा, एबीडीओ गिर्राज मीणा व डेलीगेट रेखा मीणा ने विद्यार्थियों को शुभकामनाएँ दीं और समाज में एकजुटता बनाए रखने का संदेश दिया। मंच संचालन अविनाश एवं रामशरण मीणा द्वारा किया गया। समिति अध्यक्ष मातादीन मीणा, बुद्धराम मीणा, रत्तीराम मीणा, श्रवणलाल, पीटीआई सुमेर सिंह, मुरारीलाल, अशोक ज्ञानपुरा, सीताराम सहित बड़ी संख्या में मीना समाज के लोग समारोह में उपस्थित रहे।

पिकनिक मनाने आये युवक की बिसलपुर बांध में डूबने से मौत

टोंक । बीसलपुर बांध के देह में एक बार फिर एक 25 वर्षीय युवक की डूबने से मौत हो गई, युवक रविवार को अपने दोस्तों के साथ बीसलपुर बांध पर पिकनिक मनाने आया था। इस दौरान नहाते वक्त यह हादसा हुआ और युवक की जान चली गई।

पुलिस द्वारा प्राप्त जानकारी के अनुसार जयपुर निवासी चार युवक पिकनिक मनाने बीसलपुर बांध पर पहुंचे, जहां वे फोटो, वीडियो बना रहे थे और मौज मस्ती कर रहे थे। तभी चारों बांध में नहाने उतरे और एक युवक गहरे देह के पानी में चला गया, जिससे उसकी मौत हो गई। मृतक युवक राहुल पुत्र ओमप्रकाश रेगर निवासी कालाडेरा चौमू जयपुर है, अपने दोस्त विजय पुत्र रतनलाल रेगर व रवि पुत्र हंसराज,

25 वर्षीय युवक की डूबने से मौत हो गई

दीपक पुत्र हंसराज रेगर निवासी बोराज, जयपुर के साथ दो बाइक पर सवार होकर आया था। जहां राहुल की डूबने से उसकी मौत हो गई। राहुल के डूबने के बाद साथियों ने चिल्लाया और लोगों को डूबने के बारे में बताया, लेकिन तब तक राहुल पानी में समा चुका था। इसके बाद स्थानीय ग्रामीणों व नविको की मदद से शव को बाहर निकाला गया, सूचना पर देवली थाना पुलिस व बीसलपुर चौकी प्रभारी मौके पर पहुंचे और शव को देवली चिकित्सालय में पोस्टमार्टम हेतु ले जाया गया है।

साथ आए युवकों ने बताया कि राहुल की गत 3 महीने पूर्व ही शादी हुई है और वह परिवार में इकलौता पुत्र है, राहुल के डूबने के बाद तीनों युवक सदमे में है। उधर, इस सूचना से परिवार में भी कोहराम मच गया। उल्लेखनीय है कि इससे पहले गत 20 जून को माला की ढाणी सांगानेर जयपुर निवासी जोरावर सिंह की भी बांध के देह में डूबने से मौत हो गई थी।

एक ट्रेलर व ट्रैक्टर-ट्रॉली जब्त

निवाई । निवाई बरोनी थाना पुलिस ने अवैध बजरी खनन व परिवहन के मामले में अवैध बजरी से भरे हुए एक ट्रेलर व एक ट्रैक्टर-ट्रॉली को जब्त करके चालक को गिरफ्तार किया है। बरोनी थानाधिकारी बृजेन्द्रसिंह राठौड ने बताया कि पुलिस गश्त के दौरान गांव चिरोंज मण्डावर रोड से अवैध बजरी से भरे हुए एक ट्रेक्टर-ट्रॅली को जब्त किया है। जिसमें करीब 4 टन अवैध बजरी भरी हुई थी। इसी प्रकार पुलिस थाने के सामने से जा रहे बजरी से भरे एक ट्रेलर को जब्त किया है जिसमें करीब 63 टन बजरी भरी हुई थी। उन्होंने बताया कि अवैध बजरी खनन व परिवहन मामले में वाहन चालक बुद्धीप्रकाश पुत्र रामकिशन मीणा निवासी श्याला सुखपुरा थाना नगरफोर्ट जिला टोंक को गिरफ्तार किया।

आकाशीय बिजली गिरने से युवक की दर्दनाक मौत

कोटपूतली । कस्बे के वार्ड नंबर 4 स्थित ढाणी फौजावाली में आकाशीय बिजली गिरने से एक युवक की दर्दनाक मौत हो गई। मृतक की पहचान 26 वर्षीय राहुल सैनी पुत्र रामसिंह सैनी के रूप में हुई है, जो खेत में काम कर रहा था।

पुलिस के अनुसार, रविवार दोपहर के समय मौसम अचानक बदला और

- **मौसम अचानक बदलने के बाद खेत में काम करते वक्त हुआ हादसा**

तेज गर्जना के साथ बारिश शुरू हो गई। उसी दौरान राहुल खेत में कार्यरत था, तभी आकाशीय बिजली सीधे उसके ऊपर गिर गई। मौके पर ही वह अचेत हो गया। परिजन और ग्रामीण तत्काल उसे कोटपूतली के राजकीय अस्पताल लेकर पहुंचे, लेकिन चिकित्सकों ने उसे मृत घोषित कर दिया।

पुलिस ने शव को कब्जे में लेकर पोस्टमार्टम करवाया । पोस्टमार्टम की प्रक्रिया पूरी होने के बाद शव परिजनों को सौंपा गया। घटना के बाद परिजन गहरे सदमे में हैं। ग्रामीणों ने प्रशासन से पीड़ित परिवार को आर्थिक सहायता देने की मांग की है।

धर्मांतरण का आरोप, हिन्दू संगठनों ने जताया विरोध

दौसा। दौसा शहर के राजकीय अस्पताल के पीछे गणेशपुर रोड पर अगापे फैलोशिप चर्च हैं। पिछले करीब 22 साल से यह चर्च संचालित किया जाता है। शहर से बाहर एकांत में इस जगह पर आम लोगों की आवागमन ना के बराबर है लेकिन रविवार को यहां भीड़ जुड़ती है। आरोप है कि दौसा की पहाड़ी के पीछे इस अगापे फैलोशिप चर्च में अवैध रूप से धर्मांतरण का खेल खेला जाता है। पिछले कुछ वर्षों से प्रत्येक रविवार को यहां भीड़ एकत्रित होती थी जिसके बाद हिंदू संगठनों के लोग सक्रिय हुए और पूरे मामले को लेकर अपने स्तर पर भी जांच शुरू की तो पता चला कि यहां एक चर्च है और इस चर्च के पादरी थॉमस जॉर्ज द्वारा प्रेयर के नाम पर लोगो को बुलाया जाता है और धर्म परिवर्तन कराया जाता है, हिंदू संगठनों का दावा है कि पिछले कुछ वर्षों में करीब 4 से 5 हजार लोगों का दौसा में इस चर्च में धर्मांतरण हुआ है। चर्च के पादरी के द्वारा पहले कुछ हिन्दू समाज में अच्छी पहचान रखने वालों का धर्म परिवर्तन कराया ओर फिर उनके माध्यम से गरीब और निचले तबके के लोगों को प्रलोभन देकर इस अगापे फैलोशिप चर्च में बुलाया जाता और

चर्च के बाहर प्रदर्शन करते हिन्दू संगठनों के पदाधिकारी तथा बाहर जमा भीड़।

प्रेयर कराई जाती, कुछ सप्ताह तो प्रेयर ही कराई जाती लेकिन उसके बाद धीरे-धीरे हिंदू देवी देवताओं और भगवान में कोई शक्ति नहीं होती, लोगों का माइंड वॉश किया जाता था और फिर चर्च में ही एक गुप्त जगह पर ले जाया जाता और पानी में हाथ लगवाया जाता, चूड़ी उतरवाई जाती, सिंदूर व मंगलसूत्र भी हटवाया जाता, इसके बाद उन्हें बोला जाता कि आज से आप ईसाई बन गए। रविवार के दिन बड़ी संख्या में लोगों के द्वारा धर्मांतरण कराए जाने की सूचना पर विश्व हिंदू परिषद, बजरंग दल, व अन्य हिंदू संगठनों के लोग अगापे फैलोशिप चर्च के बाहर एकत्रित हो गए और प्रदर्शन करने लगे। इस दौरान चर्च को सील करने, धर्मांतरण में लिफ्त लोगों को गिरफ्तार करने की मांग को लेकर प्रदर्शन किया गया साथ ही जय श्री राम के नारे भी लगाए गए। इधर चर्च के बाहर हिंदू संगठनों का विरोध प्रदर्शन होने और धर्मांतरण की सूचना मिलने के बाद दोष के डीएसपी रवि प्रकाश शर्मा सहित कोतवाली और जिला स्पेशल टीम मौके पर पहुंची और वहां मौजूद लोगों को काफी मशक्कत के बाद शांत कराया, इस दौरान पुलिस ने चर्च को अवलोकन किया, वहां मौजूद लोगों के बयान लिए। इस पूरे मामले में पुलिस जांच कर रही है। हालांकि जिन लोगों का धर्मांतरण हुआ है, उनका माइंड वॉश किया है जो पुलिस को अलग अलग बयान देकर गुमराह कर रहे है। इस पूरे मामले में एक और जहां हिंदू संगठनों का दावा है कि यहां पर बड़ी संख्या में धर्मांतरण कराया जाता है और आज भी कराया जा रहा था वही पुलिस का कहना है कि पूरे मामले को लेकर शिकायत प्राप्त हो गई है और अब जांच की जा रही है।

सार-समाचार

दिव्य रथ पर सवार होकर निकले प्रभू जगन्नाथ

पावटा। उपखंड पावटा में पहली बार इस्कॉन अंतरराष्ट्रीय कृष्ण भावनामृत संघ पावटा की ओर से रविवार को पहली बार संस्थापक आचार्य श्री कृष्ण कृपामूर्ति श्री श्रीमद एसी भक्ति वेदांत स्वामी प्रभु पाद की कृपा से परम पूज्य राधेश्यामानन्द महाराज इस्कॉन वृंदावन के सान्निध्य में भगवान जगन्नाथ की भव्य शोभायात्रा व कलश यात्रा का आयोजन किया गया। भक्तिमय माहौल में दिव्य रथ पर सवार होकर प्रभू जगन्नाथ निकले। रथयात्रा में सैंकड़ों की संख्या में श्रद्धालु शामिल हुए। यात्रा का जगह-जगह फूलों की बारिश कर स्वागत किया गया। ढोल मंजीरों की धुन पर झूमते भक्तों ने भगवान का गुणगान किया। दोनों यात्रा में लगभग तीन हजार श्रद्धालुओं ने हिस्सा लिया। इस दौरान पुलिस की सुरक्षा के कड़े इंतजाम रहे।इस्कॉन पावटा से कपिल प्रभु व विशाखा माताजी के ने बताया कि यह नगर भ्रमण रूपी शोभायात्रा व कलश यात्रा रविवार को पावटा स्थित इस्कॉन पावटा केंद्र, गोयल भवन, जे एम बी होटल के पीछे घंटाघर के पास पावटा से दोपहर 3.30 बजे प्रारंभ होकर शिशु वाटिका रामलीला मैदान के सामने पहुंची। इस भव्य रथ यात्रा में भगवान श्रीकृष्ण, बलराम एवं सुभद्रा की प्रतिमाएं भव्य रथ पर विराजमान होंगे और पूरे नगर में हरिनाम संकीर्तन, झांकियां, भक्तों की टोली और गगनभेदी जय घोष के साथ भगवान का स्वागत किया गया। इस दौरान इस्कॉन की ओर से शांतिपूर्ण और सुव्यवस्थित आयोजन सुनिश्चित करने के लिए स्वयंसेवकों की तैनाती की गई। पुलिस प्रशासन ने भी सुरक्षा व्यवस्था संभालते हुए ट्रैफिक नियंत्रण में सहयोग किया। इस अवसर पर इस्कॉन के वरिष्ठ संतों ने कहा कि यह यात्रा आध्यात्मिक एकता और सांस्कृतिक समरसता का प्रतीक है। इसमें हर आयु वर्ग के लोग एक साथ भगवान के चरणों में श्रद्धा व्यक्त करते हैं। रथ यात्रा के अंत में इस्कॉन मंदिर परिसर में विशेष आरती, भजन-कीर्तन और प्रसाद वितरण का आयोजन किया गया। इसमें बड़ी संख्या में श्रद्धालु सम्मिलित हुए।

किड्स समर कार्निवल संपन्न

टोंक। प्रजापिता ब्रह्माकुमारी ईश्वरीय विश्वविद्यालय टोंक के राजयोग भवन में बच्चों का सुसंस्कारित जीवन बनाने एवं उनमें नैतिक व मानवीय मूल्यों को विकसित करने के उद्देश्य से छ: दिवसीय किड्स समर कार्निवल का आयोजन किया गया। जिसमें बच्चों की आयु के अनुसार एंजेल व डायमंड ग्रुप बनाकर डांस, म्यूजिक, पेंटिंग, स्पोर्ट्स, जुंबा, वर्कशॉप, मेडिटेशन आदि कई प्रकार की रचनात्मक एक्टिविटी करवाई गई तथा प्रथम , द्वितीय व तृतीय स्थान प्राप्त करने वाले बच्चों को पुरस्करित किया तथा कार्निवल में भाग लेने वाले सभी बच्चों को गिफ्ट दिया गया। साथ ही बच्चों में उत्पन्न तनाव से मुक्त जीवन के साथ पढ़ाई, पेरेंट्स और परिवार में सामंजस्य बनाने के गुर सिखाए गए। कार्निवल प्रभारी ब्रह्माकुमारी गुंजन ने बच्चों के शारीरिक, मानसिक व आध्यात्मिक विकास के लिए एक्सरसाइज, राजयोग मेडिटेशन के साथ हेल्दी फूड का महत्व बताते हुए इसे जीवन में उतारने का दृढ़ संकल्प करवाया। उन्होंने एग्जाम के समय स्वयं को सकारात्मक रहने के अनेक टिप्स दिए। इसके साथ ही उन्होंने प्रैक्टिकल उदाहरण देकर बच्चों को बताया कि पॉजिटिव थिंकिंग हमारे जीवन के लिए कितनी आवश्यक है। साथ ही मोरल वैल्यूज को इंक्रीज करना सिखाया, वहीं एंजेलिक साइलेंस से बड़ी से बड़ी समस्या का समाधान किया जा सकता है। उन्होंने सवेरे उठने से लेकर रात सोने तक की दैनिक दिनचर्या को सेट करना सिखाया।

लिफ्टमशीन भेंट की

श्रीमाधोपुर। आजकल आमजन धर्म और संस्कृति की वापिस मुड़ने लगे हैं तभी तो धार्मिक, गऊशालाओ, शिक्षण संस्थानों आदि स्थानों में जाकर अपने बच्चों के जन्मदिवस या अपने किसी की पुण्यतिथि पर परिजनों, साथियों सहित दानस्वरूप कुछ न कुछ भेंट करने लगे हैं। श्रीराम गऊनंदी शाला हांसपुर के प्रबंधक बनवारी लाल मीणा ने बताया कि वार्ड न. 2 श्रीमाधोपुर निवासी सुरेश कुमार शर्मा अपने पोते अयानस के जन्मदिवस के मौके पर अर्धांगिनी माली देवी, पुत्र योगेश, पुत्रवधू अंशु शर्मा, शिवानी व विनोद के पिता साथ आए एवं समाजसेवी सांवरमल मीणा, डॉ. महादेव सिंह एवं शुभचिंतकों के साथ अपने पुत्र हर्षित के जन्मदिवस पर वहीं जयरामकाली निवासी धर्मेंद्र सैनी अपनी माता बिदामी देवी, चाचा बाबूलाल सैनी, अर्धांगिनी कविता, सुनीता, डिम्पल, जियाना, बड़े भाई विक्रम सैनी न्यू ग्लोबल स्कूल एवं एकेडमी आदि के साथ आए अपने पिता स्व. कल्याणजी सैनी की पुण्यतिथि पर पुण्यकार्य करते हुए घायल व मृत गौवंश को लाने ले जाने हेतु लिफ्ट मशीन दानस्वरूप भेंट करने की घोषणा की जो जल्द ही गऊशाला में पहुंच जाएगी, सुरेश शर्मा ने एक हजार नगद, दलिया, एक बैग पशु आहार एवं सावंरमल मीणा ने ग्यारह सौ रुपए नगद राशि भेंट की और कजोड़मल, नानूराम बिजारणियां की और से महिपाल बिजारणियां ने एक पिकअप गेहूं चारा (तूड़ा) भेंट किया। गऊशाला की ओर से इस मौके पर गऊशाला समिति के सदस्य प्रकाश शर्मा, विश्वनाथ शर्मा, अध्यक्ष बनवारी लाल सैनी, मनीष कुमार सैनी, पूर्णमल सैनी, कैलाश यादव आदि मौजूद थे।

गैंगस्टर को फॉलो करना भारी पड़ा

नारायणपुर । पुलिस ने अपराधियों की सोशल मीडिया गतिविधियों पर कड़ी नजर रखते हुए रविवार को एक युवक को गिरफ्तार किया है। गैंगस्टर को फॉलो करने और उसकी पोस्ट पर प्रतिक्रिया देने के मामले में पुलिस ने राहुल यादव उर्फ बॉक्सर को गिरफ्तार किया है। थानाधिकारी ओमप्रकाश मीणा ने जानकारी देते हुए बताया कि पुलिस की साइबर सेल को सूचना मिली थी कि कुछ स्थानीय युवक सोशल मीडिया प्लेटफॉर्म्स पर सक्रिय गैंगस्टरों की पोस्ट पर लाइक और कमेंट कर रहे हैं। जांच में सामने आया कि राहुल यादव उर्फ बॉक्सर (उम्र 25 वर्ष) पुत्र अजय कुमार यादव निवासी सेंट्रल बैंक के पीछे नारायणपुर गैंगस्टर की गतिविधियों में दिलचस्पी ले रहा था और उसे बढ़ावा देने वाली गतिविधियों में शामिल था। पुलिस के अनुसार गैंगस्टर सोशल मीडिया के जरिए युवाओं को आकर्षित कर रहे हैं और उन्हें अपराध की ओर उकसाने की कोशिश करते हैं। फेसबुक, इंस्टाग्राम और टेलीग्राम जैसे प्लेटफॉर्म पर ये अपराधी अपनी छवि चमकाने के लिए पोस्ट शेयर करते हैं और समर्थकों को जोड़ते हैं। थानाधिकारी मीणा ने बताया कि पुलिस ऐसे तत्वों पर सख्त नजर रखे हुए है और आगे भी इस तरह की निगरानी और कार्रवाई लगातार जारी रहेगी। उन्होंने आमजन से अपील की कि वे सोशल मीडिया पर किसी भी आपराधिक प्रवृत्ति के व्यक्ति को फॉलो न करें और ऐसी किसी भी गतिविधि की सूचना तुरंत पुलिस को दें।

शिविर 30 जून व 1 जुलाई को

कोटपूतली। पंडित दीनदयाल उपाध्याय अंत्योदय संबल पखवाडे के तहत जिले में 30 जून एवं 1 जुलाई को जिले की चयनित ग्राम पंचायतों में शिविर आयोजित किये जायेंगे। प्रात: 9.30 बजे से लेकर सायं 5.30 बजे तक शिविर संचालित होंगे। जिला कलक्टर प्रियंका गोस्वामी ने बताया कि 30 जून को उपखंड बानसूर के महनपुर, बाबरी, लोयती, उपखंड नारायणपुर के कोलाहेड़ा में, बहरोड़ के गादोज और ढूंढरिया ग्राम पंचायतों में, कोटपुतली के कल्याणपुरा कलां और चूरी ग्राम पंचायतों में तथा पावटा के पाथरेड़ी और भैंसलाना ग्राम पंचायतों में और विराटनगर में जवानपुरा और बागावास चौरासी और चतरपुरा ग्राम पंचायत में कैंप आयोजित किए जाएंगे । 1 जुलाई को उपखंड बानसूर के श्यामपुरा राजनली, नारायणपुरा में तुराणा और नयाबास में, बहरोड़ के कोहराना और बसई ग्राम पंचायतों में, कोटपुतली के खड़ा और शुक्लाबास ग्राम पंचायतों में तथा पावटा के भौनावास और फतेहपुरा खुर्द ग्राम पंचायतों में, विराटनगर के बड़ोदिया, पालड़ी और आमलोदा ग्राम पंचायत में कैंप आयोजित होंगे।

रथ यात्रा महोत्सव को लेकर बैठक आयोजित

श्रीमाधोपुर। श्री जगन्नाथ रथ यात्रा महा महोत्सव के संबंध में श्रीमाधोपुर नगर के समस्त प्रबुद्ध नागरिकों, संगठनों, सामाजिक संगठनों, राष्ट्रीय संगठनों ,धार्मिक संगठनों, जातीय समाजों , स्वयं सेवी संगठनों,विद्यालयों, सांस्कृतिक संस्थाओं आदि की एक बैठक रविवार को भगवान श्री राधा गोपीनाथ के चरण कमल सानिध्य में संपन्न हुई ।बैठक में रथ यात्रा के सफल आयोजन एवं समयबद्ध सुचारू क्रियान्वयन के बारे में विस्तार से विचार विमर्श किया गया ।सभी जाति समाजों ने भगवान जगन्नाथरथ यात्रा की पूजा अर्चना करने हेतु स्थान निर्धारित किया। व्यापार संगठनों द्वारा जगह-जगह पुष्प वर्षा एवं भक्तों को जलपान आदि की व्यवस्था किए जाने पर सहमति दी। सभी संगठनों द्वारा अपने कार्यकर्ताओं को समस्त व्यवस्थाएं दिए जाने हेतु कार्य निर्धारित किया गया। रथ यात्रा की जानकारी देते हुए मंदिर श्री गोपीनाथ जी का के महंत डॉक्टर मनोहर शरण दास ने बताया कि यात्रा में पंजाब का सेना बैंड, वृंदावन, जयपुर, चोमू, गोविन्द गढ़, टोंक, निवाई, नीमकाथाना, अजीतगढ़, खंडेला, सीकर तथा आसपास के कृष्ण भक्तों की सेवा प्राप्त होगी।